Title: Situation arising out of shifting of proposed refinery in Allahabad, Uttar Pradesh.

**श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं ।

मान्यवर, इलाहाबाद देश का प्रमुख सांस्कृतिक, धार्मिक और शैक्षणिक नगर है । इलाहाबाद आजादी की लड़ाई से पहले से ही राजनीति का केंद्र रहा है । इलाहाबाद के साथ बहुत ज्यादती की जा रही है । वहां पर एक रिफायनरी 1996-97 में तत्कालीन पेट्रोलियम मंत्री श्री जनेश्वर मिश्रा ने लगाने की घोषणा की थी और वहाँ पर सब काम पूरा हो गया है। अभी यह पता चला है कि रिफायनरी को वहाँ से हटाया जा रहा है। वहाँ पर जमीन का अधिग्रहण हो गया है। वहाँ पर कर्मचारियों और अधिकारियों को आवासीय स्थल बनाने के लिए जमीन दे दी गयी है। भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन के लिए भी जमीन आरक्षित कर दी गयी है। रिफायनरी को पानी उपलब्ध कराने के लिए कमला नेहरू पम्प के बगल में खुद का वाटर पम्प लगाने के लिए भारतीय पेट्रोलियम को जमीन दे दी गयी है। रिफायनरी के पानी के निस्तारण हेतु जोरहट गांव में जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। महोदय मैं कहना चाहता हूँ कि समाजवादी पार्टी यूपीए सरकार का समर्थन कर रही है, मैं नहीं चाहता हूँ कि आपस में पोचिंग का काम किया जाए। यह रिफायनरी इलाहाबाद के लिए अत्यंत आवश्यक है। लोगराबारा तहसील में रिफायनरी लगाने की बात तय हो चुकी है और अगर उसे हटाकर कहीं और ले जाया जाएगा तो यूपीए की चेयरपरसन सोनिया गांधी जी यहां बैठी हैं, मैं कहना चाहता हूँ कि उनके पूर्वज भी इलाहाबाद में रहते थे और उनको यह भी मालूम होगा कि पं0 जवाहरलाल नेहरू इसी लोकसभा क्षेत्र से सबसे पहले एमपी बने थे।

महोदय, मैं नहीं चाहूंगा कि वहां रिफाइनरी न लगे। रिफाइनरी वहां नहीं लगने के कारण इलाहाबाद के लोगों में बहुत रोष जागृत हो रहा है और इसके कारण वहां एक जन-आन्दोलन भी खड़ा होगा। मैं चाहूंगा कि माननीय सोनिया गांधी जी स्वयं खड़ी होकर यह कहें कि रिफाइनरी इलाहबाद में ही लगेगी। .(व्यवधान)

MR. SPEAKER: She has no right to respond. You cannot ask her to respond.

. (*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) :** अध्यक्ष महोदय, .(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You can associate if you so wish.

. (*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन :** अध्यक्ष महोदय, आठ साल हो गए हैं। क्या कारण है कि वहां अभी तक रिफाइनरी लगने की प्रक्रिया ही पूरी नहीं हो पा रही है? मैं आपसे प्रार्थना करना चाहूंगा कि .(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You all are senior Members. I am asking for guidance from you. Do not mislead me. There are rules and I am allowing the Members to speak according to the rule. You know very well that you are not entitled to speak even then you are trying to speak.

. (*Interruptions*)

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** अध्यक्ष महोदय, इसी विषय पर हमने भी नोटिस दिया है।

**अध्यक्ष महोदय :** आपका नाम भी इस विषय पर एसोसिएट कर लिया है। आपका नाम भी छपेगा, टी.वी. पर भी दिखगा।